Date :- 10/09/2025

Dainik Bhaskar, Page-11, Surat

# मेट्रो प्रोजेक्टः तापी पर आकार लेने लगा ब्रिज, तीसरे सेगमेंटल गर्डर स्पान की लॉन्चिंग शुरू

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत



सूरत मेट्रो रेल परियोजना में तापी नदी पर बन रहा विशेष मेट्रो ब्रिज अब तेजी से आकार लेने लगा है। मंगलवार को ब्रिज पर तीसरा सेगमेंटल गर्डर लॉन्च करने का कार्य शुरू कर दिया गया। ब्रिज में 8 स्पान होंगे। बॉक्स गार्डर मेथड से तैयार हो रहे इस ब्रिज के निर्माण में कुल 144 बॉक्स सेगमेंट का इस्तेमाल किया जाएगा। सेगमेंटल बॉक्स गार्डर को लॉन्चिंग गिडर पद्धति से स्थापित किया जा रहा है। इस काम के लिए नदी पर अस्थायी जेटी का भी निर्माण किया गया है। ब्रिज की कुल लंबाई 350 मीटर होगी और यह वाटर लेवल से 20 मीटर ऊंचाई पर बनाया जा रहा है। सूरत मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की इंजीनियरिंग टीम का कहना है कि आने वाले महीनों में तापी पर निर्माणाधीन ब्रिज के बाकी गर्डर की लॉन्चिंग भी चरणबद्ध तरीके से पूरी कर दी जाएगी।

इस प्रगति के साथ अब यह ब्रिज मेट्रो परियोजना के सबसे आकर्षक और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण हिस्सों में गिना जा रहा है।